# आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल
## एस. ए. 1 (2015 – 16)

**तिथिः 24/9/15** **कक्षा ः छठीं**

**हिंदी (Set –A)**

**समयः 3 घंटे** **कुल अंक–90**

**आवश्यक निर्देश—**

1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं।
2. यथा संभव प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दें।
3. लेख व मात्राओं की ओर उचित ध्यान दें।
4. कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

## खंड क–पठन

**1 दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

राजा कृष्णदेव राय के दरबार में अनेक विद्वान थे। तेनालीरामन उन्हीं में से एक थे ।वे अपनी चतुराई के लिए बहुत प्रसिद्ध थे ।एक दिन की बात है - राजा कृष्णदेव राय के दरबार में एक ब्राह्मण आए और उन्होनें महाराज से कहा कि महाराज ! सुना है कि आपके दरबार में एक से बढ़कर एक विद्वान हैं । महाराज ने गर्व से सिर हिलाकर कहा कि हमें अपने दरबारियों की बुद्धिमत्ता पर गर्व है।ब्राह्मण ने प्रश्न पूछा कि आपके दरबारियों में से कोई बता सकता है कि मेरी मातृभाषा क्या है ? फिर उसने पहले तेलुगु में बोला और फिर तमिल, पंजाबी, हिन्दी, कन्नड़ , मलयालम, मराठी और कोंकणी भाषा में बोला । वे जिस भी भाषा में बोलते लगता कि उनकी वही मातृभाषा है।सभी दरबारी चुप हो गए और कोई निर्णय न ले पाए तब महाराज ने तेनाली की तरफ देखा ।तेनाली ने प्रश्न का उत्तर न देकर कहा कि ब्राह्मण को कुछ दिनों के लिए अतिथिगृह में ठहराया जाए और मुझे उनकी सेवा का मौका दिया जाए । ऐसा ही किया गया । एक दिन जब अतिथि पेड़ की छाया में विश्राम कर रहे थे , तब तेनाली ने उनके पांव छूने के बहाने उनके पैर में कांटा चुभा दिया और जब ब्राह्मण दर्द से छटपटाए तब तमिल भाषा में अम्मा- अम्मा चिल्लाने लगे। तेनाली ने तत्काल वैद्य को बुलाकर उनका उपचार करवाया तथा क्षमा भी माँगी। अगले दिन दरबार में महाराज के सामने तेनाली ने उत्तर दिया कि ब्राह्मण की भाषा तमिल है । महाराज के कुछ कहने से पहले ही अतिथि ब्राह्मण ने कहा कि तेनाली कमाल है , तुमने बिल्कुल सही बताया।तब महाराज ने प्रसन्न होकर उपहार स्वरूप अपना कीमती हार उतारकर तेनाली को भेंट किया ।

i)तेनालीरामन कौन थे? **1**

ii)राजा कृष्णदेवराय के दरबार में कौन आया और उसने क्या प्रश्न किया ? **2**

iii)तेनाली ने प्रश्न का उत्तर न देकर क्या कहा? **2**

iv)तेनाली ने प्रश्न का उत्तर जानने के लिए क्या किया? **2**

v)महाराज ने प्रसन्न होकर क्या किया? **1**

vi)विलोम शब्द लिखो – कीमती, विद्वान । **2**

vii)समानार्थी लिखो – माँ 1

viii)गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दो। 1

2 **दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

सबके दुख को अपना जानो
सबको अपना भाई मानो
आपस में मत करो लड़ाई
लड़ने में है नहीं बड़ाई।

पहले मन में बातें तोलो
फिर तुम उनको मुँह से बोलो
बात बढ़ाकर कभी न करना
चुगली खाने से तुम डरना।

झूठ कभी मत बोलो भाई
सदा विजय पाती सच्चाई
सबकी इज्जत अगर करोगे
सबके प्यारे सदा बनोगे।

पढ़ने में तुम ध्यान लगाओ
फिर तुम खेलो, नाचो, गाओ
करना हो जो अब कर डालो
कल पर काम कभी न टालो।

i) कवि ने लड़ाई न करने के लिए क्यों कहा है? 1

ii) 'पहले मन में बाते तोलो' का क्या अर्थ है? 2

iii) 'झूठ कभी मत बोलो ' क्यों कहा गया है? 1

iv) आप सबके प्यारे कैसे बन सकते हो ? 1

v) इस कविता से मानव जाति को क्या– क्या शिक्षाएँ मिलती हैं? 2

vi) इस पद्यांश के लिए उचित शीर्षक दो। 1

## खंड ख भाषा

3 संस्कृत भाषा के वे शब्द जिनका हिन्दी में उसी रूप में प्रयोग किया जाता है, उन्हें क्या कहते हैं? उदाहरण सहित लिखें। 2

4 निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित करते हुए उनके भेदों के नाम लिखिए ः 2

**1.** जिसने बुलाया था वह नहीं आया।

**2.** हेमा किसके साथ जाएगी।

5 निम्नलिखित शब्दों के वर्ण विच्छेद कीजिएः 2

प्रयोग , अध्यापिका

6 भावचाचक संज्ञा किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखें। 2

7 निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थानों पर विराम चिह्न लगाएँः 2

**1** उफ़ गरमी के मारे मेरी जान निकल रही है।

**2** रामचरितमानस तुलसीदास की अमर कृति है।

8 निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाएः 2

1•कान खड़े होना

2•घी के दीए जलाना

9 कारक कीउचित विभक्ति लगाकर वाक्य दोबारा से लिखें। 2

1•राधा .... माया .... घड़ी दी।

2•मेज .... गिलास रखा है।

10 भाषा के कितने रूप होते हैं ? उनके नाम लिखें। 1

## खंड – ग साहित्य

11 **निम्नलिखित गदंयाश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ः**

गरमी के दिन थे। बाबू जी दफ़तर गए हुए थे। अम्माँ दोनों बच्चों को सुलाकर खुद सो गई।लेकिन बच्चों की आँखों में आज नींद कहाँ। अम्माँ जी को बहलाने के लिए दोनों दम रोके आँख बंद किए मौके का इतंजार कर रहे थे।

i) गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखो । 1

ii) गद्यांश में किसके विषय में बात हो रही है? 1

iii) दोनों बच्चे किस मौके का इतंजार कर रहे थे? 2

12 लेखिका को शिमला रिज़ की याद क्यों आती है? 2

13 अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में किस तरह के सवाल उठते थे? 2

14 "तुम्हें बताऊँगी कि हमारे और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है " इसके लिए पाठ में आए दो उदाहरण लिखें। 2

15 चिड़िया ने कहाँ और कितने अंडे दिए थे? 2

16 लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या- क्या करती थीं? 2

17 श्यामा ने क्या सोचकर माँ से केशव की शिकायत नहीं की? 1

18 **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ः**

मेहनत अपने हाथ की रेखा, मेहनत से क्या डरना।
अपना दुख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक।
अपनी मंज़िल सच की मंज़िल, अपना रस्ता नेक।

i) हमारी मंजिल क्या है? 1

ii) 'नेक' शब्दों का अर्थ लिखें। 1

iii) हमें किससे नहीं डरना चाहिए। 1

iv) कविता का नाम लिखें। 1

19 कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है ? **2**

20 'वह चिड़िया जो' कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन- किन चीजों से प्यार है? **2**

21 बच्चे के बड़े होने पर माँ के व्यवहार में क्या परिवर्तन आ जाता है? **1**

22 भाव स्पष्ट करें " चढ़ी नदी का दिल टटोलकर जल का मोती ले आती है।" **1**

23 राज दशरथ कहाँ के राजा थे? **1**

24 राजकुमारों के जन्म पर नगर का माहौल कैसा था ? **2**

25 विश्वामित्र दोनों राजुकुमारों को क्यों लेने आए थे ? **2**

## खंड – घ लेखन

**26 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखेंः** **5**

**क) जीवन में खेलकूद का महत्त्व ः**

भूमिका, खेलों के लाभ व आवश्यकता, उनके प्रकार, खेल जिसमे तुम्हें रूचि हो , अपने प्रिय खिलाड़ी का नाम व विशेषता ,उपसंहार।

ख) **त्योहारों का महत्त्व ः**

भूमिका, त्योहारों की आवश्यकता , उनके प्रकार, आपसी भाइचारे को बढ़ावा , एकता को बल, उपसंहार

27 अपने छोटे भाई संजीव को अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी करने के तरीके बताते हुए पत्र लिखो। **5**

**अथवा**

अपने मित्र राजीव को व्यायाम के लाभ और तरीके बताते हुए पत्र लिखो।

28 भाई बहन की रक्षाबंधन के अवसर पर हुई बातचीत को संवाद के रूप मे ंलिखें। **5**

**अथवा**

क्रिकेट मैच के विषय में हुई दो मित्रों की बातचीत संवाद रूप में लिखो ।

29 किसी नई पेंसिल कंपनी के लिए एक आकर्षक और रंगीन विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

**30 दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर उसके विषय में लगभग 50 शब्दों में अपने विचार व्यक्त करें ः** **5**

